मेरा श्याम आ ही जाता है

प्यार से बुलाओ तो मेरा श्याम आ ही जाता है
दर पर रोते रोते आँसू जो बहाये सुन ये जाता है

संकट में जब आते है तब सब ही ठुकराते है
कैसी दुनियादारी है सबने ठोकर मारी है
आया मेरा श्याम प्यारा मैंने जब इसे पुकारा
जब जब ये आता है हारा जीत जाता है

करते थे यकीं सबपे सब तो हमारे है
तूफां एक ऐसा आया उसने ये हमे बताया
जिनपे हमको यकीन था वही साथ ना देगा
जब सब छोड़ जाता है मेरा श्याम तब ये आता है

श्याम के दर जो जाते है नाम "अमर" कर जाते है
बिन मांगे सब मिलता है श्याम से नाता दिल का है
श्याम की महिमा जो गाते है
श्याम के रंग में वो रंग जाते है
हार कर जो आता है मेरा श्याम अपनाता है

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/10132/title/mera-shyam-aa-hi-jata-hai-dar-par-rote-rote-ansu-jo-bahaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |